जिला–मंदसौर (मध्यप्रदेश) के किसानों का आफरी भ्रमण

सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम “आत्मा”) के अन्तर्गत राज्य के बाहर कृषक भ्रमण कार्यक्रम के तहत जिला मंदसौर (मध्यप्रदेश) से आये कृषकों के दल ने नोडल अधिकारी श्री शिव कुमार शर्मा, पुरुषोत्तम बोहरा एवं कन्हैयालाल प्रजापति के साथ दिनांक 30.12.15 को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी), जोधपुर का भ्रमण किया। इस दल में विकास-खण्ड मंदसौर , मल्हारगढ़, सीतामाउ, भानपुरा एवं गरोड़ के 35 कृषक शामिल थे।

कृषि वानिकी एवं विस्तार प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष श्री उमाराम चौधरी भा.व.से ने दल का संस्थान में स्वागत करते हुए संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराकर वानिकी शोध गतिविधियों का अवलोकन करवाया। प्रयोगशाला भ्रमण के दौरान कृषकों को उत्तक संवर्धन तकनीक, मृदा एवं जल की गुणवत्ता, अकाष्ठ वनोपज, मूल्य संवर्धन, चारागाह प्रबंधन, लवणीय भूमि का पुनर्वासन, वृक्ष संरक्षण आदि से संबंधित शोध गातिविधियों एवं तकनीकों की जानकारी दी गयी। कृषकों ने परिसर में स्थित उत्तक संवर्धन से विकसित गुग्गल के वृक्षारोपण का भी अवलोकन किया।

कृषकों के इस दल को संस्थान के विस्तार एवं निर्वचन केन्द्र का भी भ्रमण करवाया गया जहां श्री चौधरी ने अवक्रमित पहाड़ियों के जल व मृदा संरक्षण से पुनर्वासन, टिब्बा स्थिरीकरण, जल प्लावित भूमि का पुनर्वासन, कृषि वानिकी इत्यादि से संबंधित शोध गतिविधियों एवं विकसित तकनीकों से संबंधित सूचनाओं एवं सामग्री की जानकारी किसानों को बतायी।

इसके बाद किसानों के इस समूह ने संस्थान की उच्च तकनीक पौधशाला का भ्रमण कर पौधशाला प्रबंधन की तकनीकी जानकारी हासिल की। पौधशाला प्रभारी श्री सादुलराम देवड़ा (अनुसंधान सहायक द्वितीय) ने दल को धुंध कक्ष, औषधीय पौधों के जर्म-प्लाज्म, कम्पोस्ट खाद बनाने की विधि सहित पौधशाला संबंधित जानकारी किसानों को उपलब्ध करायी। भ्रमण के दौरान किसानों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया।

भ्रमण में श्रीमती मीता सिंह तोमर (तकनीकी सहायक) एवं श्री तेजाराम का भी सहयोग रहा।

अंतर्गत राज्य के बाहर
कृषक भ्रमण

not Smo

DUNE STABILIZATION THROUGH SURFACE VEGETATION
SOILS ASSOCIATED WITH DOMINANT FOREST TYPES OF RAJASTHAN
PRODUCTIVITY ENHANCEMENT TECH
GROWTH PERFORMANCE OF TREES

IMPORTANT TREE SPECIES FOR OUR REGION
हमारे क्षेत्र की महत्वपूर्ण वृक्ष प्रजातियाँ
Acacia leucophloea
Salvadora oleoides
Prosopis juliflora
Capparis decidua
Cassia fistula
Colophospermum mopane
Ailanthus excelsa
Butea monosperma
रतनजोत : भविष्य का ईंधन